नटवर नागर नंदा भजो रे मन गोविंदा

नटवर नागर नंदा, भजो रे मन गोविंदा।

सब देवोँ में देव बड़े हैं,
श्याम बिहारी नंदा, भजो रे मन गोविंदा॥

सब सखिओं में राधा बड़ी हैं,
जैसे तारों में चन्दा, भजो रे मन गोविंदा॥

सब देवोँ में राम बड़े हैं,
जिन के सीता संगा, भजो रे मन गोविंदा॥

सब सखिओं में सीता बड़ी हैं,
जैसे तारोँ में चंदा, भजो रे मन गोविंदा॥

सब देवोँ में शिव जी बड़े हैं,
जिन की जटा में गंगा, भजो रे मन गोविंदा॥

सब देविओं में गौरा बड़ी हैं,
जैसे तारोँ में चंदा, भजो रे मन गोविंदा॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/467/title/natvar-naagar-nanda-bhajo-re-man-govinda

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |